# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–11 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बारिश और बाढ़ से खराब हुई सड़कों की तत्काल मरम्मत करा कर उन्हें आवागमन योग्य बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी पर्व और त्योहारों को देखते हुए प्रदेश के सभी प्रमुख मार्गों पर आवश्यक मरम्मत तथा नवीनीकरण के कार्य पूरे किए जाएं। उन्होंने शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, मुख्य बाजारों, सरकारी कार्यालयों और अधिक आवागमन वाली सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पचीस वर्षों के निरंतर सेवाकाल पूरा होने के अवसर पर सत्रह सितंबर से सत्रह अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रदेश के सभी सांसदों, विधायकों, महापौरों और  जिला पंचायत प्रशासकों सहित नगर पंचायत और ब्लॉक स्तर के जन प्रतिनिधियों के साथ भी वर्चुअल माध्यम से बैठक की।

***मुख्यमंत्री ने सभी जन प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे अपनी सक्रिय भागीदारी से इस अभियान में गांव से लेकर शहर तक समाज के हर वर्ग को जोड़ें। मुख्यमंत्री ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सत्रह सितंबर की शाम आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम में लाभार्थी परिवारों के साथ दीप प्रज्जवलित किए जाएगें। साथ ही सरकार की योजनाओं से बने प्रमुख भवनों और विकास परियोजनाओं के स्थलों पर भी दीप जलाए जाएंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को निर्देशित किया कि वे अपने प्रभार वाले जिलों में जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करें। समाचार कक्ष से रितेश।***

**********

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने फास्टैग पोर्टेबिलिटी के लिए वन टैग सुविधा शुरू की है। इसके तहत वाहन मालिक अपने मौजूदा फास्टैग को राजमार्ग यात्रा ऐप द्वारा नए बैंक खाते से जोड़ सकते हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आज मुंबई में इस सुविधा के शुभारंभ अवसर पर कहा कि सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के अंत तक टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय को दस सेकंड से कम करना है।

**********

यूजीसी नेट जून दो हजार छब्बीस की अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र की दोबारा हुई परीक्षाओं की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी प्रारंभिक उत्तर कुंजी पर तेरह सितंबर तक आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। एनटीए के मुताबिक आपत्ति दर्ज कराने के लिए परीक्षार्थियों को यूजीसी नेट की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करना होगा।

**********

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन–ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग–एफएलसी को लेकर आज वाराणसी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग और प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा सहित 21 जिलों के निर्वाचन से जुड़े अधिकारी शामिल हुए। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री रिणवा ने कार्यशाला के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

***इसका उद्देश्य यह है आज के वर्कशॉप का कि अब सभी जिलों में यहां से जाने के बाद ये अधिकारी फर्स्ट लेवल चेकिंग कराएंगे, एफएलसी। और फर्स्ट लेवल चेकिंग का अर्थ है कि ये जो मशीनें हैं, इनको हम इलेक्शन में इनका प्रयोग करने से पहले एक–एक मशीन को, एक–एक यूनिट को, चाहे वो कंट्रोल यूनिट हो, बैलेट यूनिट हो, वीवीपीएटी हो, उसको चेक करके सुनिश्चित करते हैं कि वो वर्किंग कंडीशन में है, उसके सारे बटन काम कर रहे हैं, किसी प्रकार की कोई उसमें कमी नहीं है। और उस मशीनों को छांटा जाता है जो इलेक्शन में यूज हो सकती हैं।***

**********

प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में छिटपुट बादल छाये हुए हैं और कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर गरज–चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां बनी हुयी हैं, इसके चलते अगले चार दिनों तक गोरखपुर और आसपास के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की और कुछ स्थानों पर मध्यम वर्षा का पूर्वानुमान है। उधर, लगातार वर्षा होने और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण राज्य के दो दर्जन से अधिक जिले अब भी बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों में जिला प्रशासन की ओर से निरंतर निगरानी की जा रही है और राहत तथा बचाव कार्य जारी है। राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार अब तक आठ हजार लोगों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। इस बीच राज्य की कई नदियां अब भी उफान पर हैं।

**********

चित्रकूट में भाद्रपद अमावस्या मेला आज से शुरू हो गया। वहां देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे श्रद्धालु पवित्र मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद कामदगिरि की परिक्रमा कर रहे हैं।

**********